हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26 .3 डिग्री
न्यूनतम 6 .2 डिग्री

12 पीएम मोदी की सोच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति...



12 बराड़ा में पेंशनर्स में रोष, ज्ञापन सौंपने का निर्णय



## तरावड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट बने दुर्घटनाओं का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

शामगढ़ से तरावड़ी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा वैध कटों को छोडक़र अन्य सभी मार्गों को दोनों ओर से बंद कर दिया गया है। इसका उद्देश्य अनियंत्रित वाहन आवाजाही पर रोक लगाकर सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाना है। हालांकि, एनएचएआई की इस कार्रवाई के बावजूद कई स्थानों पर सडक़ किनारे रहने वाले लोगों द्वारा स्वयं अवैध कट बना लिए गए हैं, जो लगातार हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। इन अवैध कटों से अचानक वाहनों का आना-जाना तेज रफ्तार यातायात के लिए खतरा बना हुआ है।

**अवैध कटों से अचानक वाहनों के सड़क पर आने से वाहन भीड़ रहे**

**तरावड़ी का हाल**



तरावड़ी। शामगढ़ से तरावड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट। फोटो : हरिभूमि

### एनएचएआई की कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रही लापरवाही

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन अवैध कटों के कारण तेज गति से चल रहे वाहनों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे से आ रहे वाहनों के टकराने की आशंका बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक इन कटों से अचानक निकलने वाले वाहनों की चपेट में आने से बाल-बाल बचते हैं। स्थिति यह है कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए एनएचएआई द्वारा किए गए प्रयास अवैध कटों की वजह से निष्प्रभावी होते नजर आ रहे हैं। वाहन चालकों और आसपास के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध कटों को तुरंत बंद कराया जाए तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक़ सुरक्षा को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

## कॉलेज में कहासुनी पर छात्र को पीट कर किया घायल

यमुनानगर। गांव नाचरोन स्थित ग्लोबल कॉलेज में कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने एक छात्रा को पीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी युवक को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांधीनगर निवासी विनोद चंद नौटियाल ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का वंश गांव नाचरोन स्थित ग्लोबल कॉलेज में पढ़ाई करता है। 10 दिसंबर को शाम चार बजे वह कॉलेज से छुट्टी होने के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान कालेज के बाहर ही उसका वंश व अन्य युवकों के साथ झगड़ा हो गया। आरोपी वंश ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उसके लड़के के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी वंश को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य पर किया केस दर्ज**

## खबर संक्षेप

### अंबाला में 36 ग्राम हेरोइन सहित दो काबू

अंबाला। थाना पड़ाव के एनएच-44 बंद रेलवे फाटक के पास से नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने आरोपी हरपिंद्र सिंह व गुरविंद्र सिंह उर्फ बिंद्र को 36 ग्राम 40 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू किया था। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर पर उनसे 36 ग्राम 40 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### यूनिवर्सिटी पढने गई छात्रा घर नहीं लौटीं

इसराना। पानीपत के नौल्था में स्थित गीता यूनिवर्सिटी में पढऩे वाली छात्रा हर रोज की तरह गीता यूनिवर्सिटी की बस में सोनीपत से नौल्था पढऩे आती थी। शनिवार को भी वह सुबह घर से पढऩे के लिए यूनिवर्सिटी गई थी पर शाम को घर नहीं लौटीं। परिजनों ने अनेक रिश्तेदार ओर परिचितों से भी इस बारे में पूछताछ की है लेकिन मिली नही। इस सम्बंध में लापता छात्रा के पिता राजेश की शिकायत पर पुलिस ने बेटी लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सर्बजीत उर्फ सम्मी को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाईकिल भी बरामद की है। शिकायतकर्ता प्रवीण सिंह ने 1 नवंबर 2025 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 अक्तूबर 2025 को पुल के पास से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपी गिरफ्तार 1250 रुपये बरामद

अंबाला। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर से जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण पाल को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1250/-रूपये बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### जिला न्यायिक परिसर यमुनानगर जगाधरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## नेशनल लोक अदालत में किया 13 हजार 950 मुकदमों का निपटान

**मुआवजे के रूप में 3 करोड़ 3 लाख 67 हजार 945 रुपये की राशि देने का काम किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर यमुनानगर जगाधरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी की देखरेख में नेशनल लोक अदालत में बनाई गई छह बैंचो में न्यायाधीशों ने 13950 मुकदमों का निपटान किया गया।

इस दौरान मुआवजे के रूप में 3 करोड़ 3 लाख 67 हजार 945 रुपये की राशि देने का काम किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश(पारिवारिक न्यायालय) डॉ.अमित शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश गुप्ता, मुख्य न्यायाधीश मिस इंदु बाला, सिविल जज (जूनियर डिविजन) मिस हरलीन कौर, सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रियांक गोयल व सिविल जज (जूनियर डिविजन) सब डिवीजन व्यासपुर सिंद्धात रॉयल ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया।




यमुनानगर के जिला न्यायिक परिसर यमुनानगर जगाधरी में आयोजित लोक अदालत मं मुकदमों का निपटान करते हुए न्यायाधीश।

### लोक अदालतें शीघ्र तथा सरल न्याय का अच्छा माध्यम

उन्होंने बताया कि लोक अदालतें शीघ्र तथा सरल न्याय का सबसे अच्छा माध्यम है और इसमें न केवल केसों में शामिल दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होती है । बल्कि आपसी सहमति से मामलों का निपटान होने से संबन्धों में मधुरता आती है। उन्होंने लोगों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### एचडीएफसी अर्गो पर मुआवजा देने के आदेश

अंबाला। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एचडीएफसी अर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सेवा में कमी और लापरवाही के लिए शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये मुआवजा और मुकदमें का खर्च तीन हजार रुपये देने का आदेश दिया है। 45 दिन में भुगतान न करने पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से भुगतान करना होगा। आयोग ने यह आदेश कडियाला पानी कुमार द्वारा दायर एक उपभोक्ता की शिकायत पर दिया है। दावा अस्वीकार होने के बाद शिकायतकर्ता ने बीमा कंपनी को कानूनी नोटिस दिया। जब कोई समाधान नहीं हुआ तो उन्होंने जुलाई 2024 को जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज की। उन्होंने इलाज के खर्च 2,56,182 रुपये, मानसिक उत्पीड़न के लिए 2,00,000 रुपये और मुकदमे के खर्च 11,000 रुपये की मांग की थी। जवाब में बीमा कंपनी ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता द्वारा आवश्यक दस्तावेज, विशेष रूप से पेसमेकर इतिहास, जमा न करने के कारण शुरुआत में कैशलेस अनुरोध अस्वीकार कर दिया गया था। बीमा कंपनी ने आयोग को सूचित किया कि शिकायतकर्ता द्वारा आवश्यक दस्तावेज जुलाई 2024 में जमा करने के बाद उन्होंने 27 जुलाई 2024 को 2,57,772 रुपये की दावा राशि का भुगतान कर दिया है। उनका कहना था कि राशि का भुगतान होने के कारण अब शिकायतकर्ता की कोई शिकायत शेष नहीं है, और मामले को खारिज कर दिया जाना चाहिए। इसके बाद शिकायतकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि बीमा कंपनी ने शिकायत दर्ज होने के बाद राशि का भुगतान किया।

### पिहोवा में हाईवे-152 पर हादसा

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार दो दोस्तों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत हो गई और तीसरा घायल हो गया। हादसे में बाइक चला रहे गुरपाल (28) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजीव कुमार (27) ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं बाइक के पीछे बैठे मोहित को भी चोटें आईं।

प्राइवेट अस्पताल में मोहित का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर छोड़कर भाग गया। संजीव के बड़े भाई राजेश कुमार निवासी भट्ट माजरा ने पुलिस को बयान दिए कि शनिवार रात वो किसी काम से मलिकपुर गांव की साइड गया था। लौटते वक्त उसे बाइक पर उसका भाई संजीव, गुरपाल और मोहित मिल गए। तीनों मलिकपुर में मशरूम फैक्ट्री में काम करके घर आ रहे थे। वह उनके पीछे अपनी बाइक पर था। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीएनजी सिलेंडर लदे थे।

**■ आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके पर छोड़कर भाग गया**

### पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही

इसके ड्राइवर ने भट्ट माजरा गांव में पेट्रोल पंप के पास गलत साइड में आकर गुरपाल की बाइक में ट्रैक्टर-ट्रॉली की सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गुरपाल, संजीव और मोहित बाइक समेत नीचे गिर गए। नीचे गिरते ही गुरपाल के सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके भाई संजीव को सिर, छाती और पेट पर चोटें आईं, जबकि मोहित को हल्की चोट लगी। ट्रैक्टर-ट्रॉली का ड्राइवर लोगों को इकट्ठा होते मौके से भाग गया। पुलिस ने राजेश के बयान पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### फ्लाइंग क्लब के सहयोग से शिक्षा विभाग कर रहा नैनों जंगल विकसित



पानीपत। डीईओ कार्यालय एवं डाइट के प्रांगण में नैनों जंगल में घेरे बनाते हुए डीईओ व कब डीओसी।

पानीपत। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं पानीपत डाइट के प्रांगण में नैनों जंगल फ्लाइंग क्लब और शिक्षा विभाग के सहयोग से बनाया गये। जिसमें विभिन्न प्रकार के हजारों छोटे-छोटे पेड़-पौधो लगाएं गए। जिनका शुभारंभ विधायक प्रमोद विज ने पौधा लगाकर किया था। फ्लाइंग क्लब अध्यक्ष नितिन अरोड़ा ने बताया कि फ्लाइंग क्लब हमेशा शिक्षा विभाग के साथ सहयोग करके नैनो जंगल और औषिधीय वाटिका तैयार करेंगे पानीपत को हरा-भरा बनायेंगे। डीईओ राकेश बूरा और कब डीओसी हरिओम ने फ्लाइंग क्लब के सहयोग से सभी छोटे-छोटे पेड़-पौधो में पानी की व्यवस्था करके इनके चारों तरफ घेरे बनवाएं है। जिससे इनमें पानी खड़ा न हो और पेड़-पौधे ठंड से भी बच जायेंगे।

### करनाल: खुले नाले में गिरने से बुजुर्ग की मौत

करनाल। जिले के नीलोखेड़ी कस्बे में खुले नाले में गिरने से 60 वर्षीय बुजुर्ग अमरजीत की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में नाले के ऊपर से गुजरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नाले में गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बुजुर्ग को नाले से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि नाले लंबे समय से खुले पड़े हैं और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि जिस सड़क पर हादसा हुआ वह लंबे समय से निर्माणाधीन है और खराब स्थिति के कारण पहले भी लोग गिर चुके हैं। नीलोखेड़ी थाना पुलिस के अनुसार बुजुर्ग के फिसलकर गिरने से मौत हुई है।

**नगर पालिका पर उठे सवाल,लापरवाही पर परिजनों का आरोप**

**■ नीलोखेड़ी में बाजार से लौटते समय हादसा**

### पानीपत में चोरी की बुलेट बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस की टीम ने आज सेक्टर 11-12 में एसडीवीएम स्कूल के नजदीक गंदा नाला पुलिया पर चोरी की एक बुलेट बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियो की पहचान भगत सिंह कॉलोनी निवासी रियान व नवीन कॉलोनी निवासी मोहिद उर्फ मोहित के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया उन दोनों को बुलेट बाइक चलाने का शौक है। दोनों ने मिलकर शौक पूरा करने के लिए उक्त बुलेट बाइक चोरी की। एंटी व्हीकल थेफ्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त बाइक 10 दिसंबर को मित्तल मैगा माल की पार्किंग से चोरी करना स्वीकारा। बाइक चोरी की युक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में भादोड़ गांव निवासी बलिंदर पुत्र भीम सिंह की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बुलेट बरामद कर पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेशकर उन्हें जेल भेज दिया।



बुलेट बाइक चोरी के आरोपी।

**■ बुलेट बाइक चलाने का शौक पूरा करने के लिए की वारदात**

## शिक्षकों को विज्ञान को आसान और रोचक तरीके से पढ़ाना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम**



कुरुक्षेत्र। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ करवाई गईं। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को विज्ञान को आसान, रोचक और व्यवहारिक तरीके से पढ़ाने की नई समझ प्राप्त हुई, जिससे वे कक्षा में विद्यार्थियों को विषयों को बेहतर ढंग से समझा सकें। शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर आयोजित हैंड्स-ऑन गतिविधियों एवं विज्ञान व्याख्यानों के दौरान रोचक और प्रभावी तरीके से यह सीखा कि कठिन वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल उदाहरणों और दैनिक जीवन से जोड़कर विद्यार्थियों तक कैसे पहुँचाया जा सकता है। फैंटास्टिक केमिस्ट्री गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षकों को एक्सोथर्मिक एवं एंडोथर्मिक अभिक्रियाओं, तथा हाइड्रोकार्बन ईंधनों से संबंधित रासायनिक प्रयोगों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। मानव शरीर मॉडल के माध्यम से फेफड़ों, हृदय तथा पाचन तंत्र की संरचना और कार्यप्रणाली को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाया गया, ताकि शिक्षक स्वयं स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें और विद्यार्थियों को भी जंक फूड से बचने तथा स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित कर सकें।

### पुलिस ने महिला व व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## आनलाइन बिजनेस के नाम पर ठगे 68 लाख 23 हजार रुपये

**फर्जी वेबसाइट बनाकर लगाया चूना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ऑनलाइन बिजनेस और मर्चेंट अकाउंट में सामान खरीदने व बेचने के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर थर्मल प्लांट कॉलोनी पांसरा निवासी प्रदीप कुमार सेठी से 68 लाख 23 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप माहोली के एसएएस नगर शमशेर सिंह व प्रज्ञा पूरी पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थर्मल प्लांट कॉलोनी पांसरा निवासी प्रदीप कुमार सेठी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह थर्मल पावर प्लांट में नौकरी करता है और थर्मल प्लांट कॉलोनी में रहता है।

### 29 जुलाई को ट्विटर पर मैसेज आया

गत 29 जुलाई को उसके ट्विटर पर एक मैसेज आया। जब उसने उसे मैसेज पर रिप्लाई दिया तो एक महिला उससे बात करने लगी। महिला ने अपना नाम प्रज्ञा पुरी बताया। महिला ने इसके बाद उसे मोबाइल पर बात करनी शुरू कर दी। महिला ने उसे बताया कि वह ऑनलाइन बिजनेस करती है। वह मर्चेंट अकाउंट में सामान खरीदते व बेचते हैं। जिस पर उन्होंने अच्छा प्रॉफिट हो जाता है। प्रज्ञा पुरी ने उसे बताया कि अगर वह यह बिजनेस करने में इंटरेस्टेड है तो वह इसको ज्वाइन कर सकता है। एक दिन आरोपी प्रज्ञा पुरी ने उसके पास एक लिंक भेजा। आरोपी ने उसे लिंक पर क्लिक कर उसे ज्वाइन करने को कहा। उसने आरोपी की बातों में आकर लिंक पर क्लिक करके उसे ज्वाइन कर लिया। इसके बाद उसने अपने साथी शमशेर सिंह से उसकी बात करवाई। आरोपियों ने उसे ऑनलाइन बिजनेस तथा मर्चेंट अकाउंट में सामान खरीदने व बेचने के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर उसे अपने अकाउंट में 68 लाख 23 हजार रुपये अलग-अलग तारीख में जमा करवा लिए। इसके बाद उसे आरोपियों ने न तो प्रॉफिट के पैसे दिए और न ही उससे बात की। जब उसे ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

### इग्नू अध्ययन केंद्र 1090 में शिक्षार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग आयोजित

## 3100 विद्यार्थियों को इग्नू प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया




करनाल। बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन रंबा में रविवार को इग्नू अध्ययन केंद्र 1090 की इंडक्शन मीटिंग में उपस्थित नए शिक्षार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

रंबा स्थित बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र 1090 में जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने वाले नए शिक्षार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक का उद्देश्य नए शिक्षार्थियों को इग्नू की कार्यप्रणाली, अध्ययन प्रक्रिया, परीक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक अनुशासन से अवगत कराना रहा।अध्ययन केंद्र में इस सत्र में लगभग 3100 शिक्षार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिनमें से करीब 60 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षार्थियों के शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रश्नों का समाधान किया गया।

**इग्नू कार्यरत युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के ब्चचों के लिए शिक्षा का मजबूत माध्यम**

संयुक्त संबोधन में अध्ययन केंद्र प्रभारी डॉ. रिज़वान और इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय करनाल के सहायक निदेशक डॉ. अमित जैन ने कहा कि इग्नू कार्यरत युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का मजबूत माध्यम है।

उन्होंने क्रेडिट सिस्टम, नामांकन प्रक्रिया, परीक्षा पद्धति, असाइनमेंट, प्रोजेक्ट और मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि समय पर शैक्षणिक कार्य पूरा करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा उचित मूल्यांकन के साथ अच्छे अंक दिए जाते हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इग्नू के सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर संशोधित किए जाते हैं। इस अवसर पर दीपाली, प्रीति कौशल, गैर-शैक्षणिक स्टाफ और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने अतिक्रमण करने व गंदगी फैलाने पर काटे चालाना

## सीएसआई के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर के मीराबाई बाजार में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की टीम ने शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सीएसआई अनिल नैन ने अतिक्रमण करने पर नगर निगम अधिनियम 238(2) के तहत चार दुकानदारों और गंदगी फैलाने पर नगर निगम अधिनियम की धारा 309 के तहत तीन चालान किए। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर की गई।

सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर के जगाधरी वर्कशॉप रोड से मीरा बाई मार्केट तक अतिक्रमण हटाना शुरू किया। इस दौरान जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। इस दौरान सीएसआई अनिल नैन ने अतिक्रमण करने पर एक के बाद एक चार दुकानदारों के चालान किए और सामान जब्त किया। इसके अलावा बाजार में कुछ दुकानदारों ने खुले में गंदगी फैलाई हुई थी।



यमुनानगर। मीरा बाई बाजार में दुकानदार का चालान करते सीएसआई अनिल नैन।

- नगर निमग की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप
- नगर निमग की टीम ने चार दुकानदारों के चालन काटे और सामान भी जब्त कर लिया

### आपातकालीन सेवाएं होती हैं प्रभावित

सीएसआई अनिल नैन ने गंदगी फैलाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि अतिक्रमण करने से आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं। अतिक्रमण के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और हादसा होने की संभावना भी बनी रहती है।

### लोगों को होती है परेशानी

सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि दुकानदार सामान बहार रखते हैं इसलिए जाम जैसी स्थिति बन जाती है। दुकानदार सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें ताकि व्यवस्था खराब न हो।

### शहर का सबसे प्रमुख बाजार

उन्होंने कहा कि मीरा बाई बाजार शहर का सबसे प्रमुख बाजार है। जहां सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने से लोगों को यहां से निकलने पर परेशानी होती है।

# हजारों की हेरोइन सहित दो युवक किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- आरोपियों से पुलिस ने बरामद की 62 ग्राम हेरोइन
- जिले में अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किए दोनों युवक

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल व रामपुर पुलिस चौकी ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 62 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार एंटी नाकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई अमित कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि यमुना नहर पुल हमीदा हेड के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 56 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान नईम के रूप में हुई । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उधर, रामपुर पुलिस चौकी में तैनात एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नाला नहर पटरी आजाद नगर के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर वहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से छह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान अमित यादव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। रादौर स्थित आर्य समाज भवन में आयोजित हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते हुए सदस्य।

### आर्य समाज भवन में हवन का आयोजन

**रादौर।** रादौर के आर्य समाज भवन में रविवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय लोगों ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए मंगल कामना की। समाजसेवी अमित कांबोज ने बताया कि आर्य समाज ने समाज उत्थान व समाज कल्याण के लिए हमेशा से ही कार्य किया है। आर्य समाज से जुड़े लोग समाज कल्याण को लेकर ही कार्य करते आए हैं। आर्य समाज मंदिर में विश्व शांति व भाईचारे की कामना को लेकर हवन यज्ञ किया गया है। आर्य समाज का तो नारा ही विश्व शांति व विश्व कल्याण होता है। सभी को आर्य समाज से जुड़कर समाजहित में कार्य करने चाहिए।

### चोरों ने सूने घर से चुराए पैसे और आभूषण

**यमुनानगर ।** चोरों ने शहर की ममीदी कॉलोनी में एक घर से 45 हजार रुपये की नगदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार ममीदी निवासी बाला देवी ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 12 दिसंबर को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। अगले दिन जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 45 हजार रुपये कैश, सोने की छह अंगूठियां, तीन सोने के कड़े, चार सोने की चेन तथा चार जोड़ी पाजेब गायब मिली। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब दो लाख 75 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने सेक्टर 49 गुरुग्राम में सूने घर से लाखों के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। गुरुग्राम सेक्टर 49 निवासी विकास चौहान ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका श्याम सुंदर पुरी जगाधरी में पुश्तैनी मकान है। वह आठ दिसंबर को घर का ताला लगाकर अपने परिवार के साथ गुरुग्राम वाले घर में चला गया था। 12 दिसंबर को उसके पड़ोसियों ने उसे सूचना दी कि उसके श्याम सुंदर पुरी वाले मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। जांच करने पर घर से करीब दो लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।



यमुनानगर। मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम में जाब संबंधित जानकारी देते हुए कंपनी के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

# कैंपस प्लेसमेंट में सात विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्लेसमेंट ड्राइव में इंडिया ट्रेनर जीरकपुर की कंपनी ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इस दौरान 40 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिसमें सात विद्यार्थियों का चयन किया गया।

### 40 ने साक्षात्कार दिया

कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार से पहले प्रो. आशीष भल्ला व प्रो. नवीन भारद्वाज ने विद्यार्थियों को जॉब से संबंधित आवश्यक एवं उपयोगी जानकारी दी। इसके बाद इंडिया ट्रेनर कंपनी के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से तीन स्तरीय साक्षात्कार में व्यक्तिगत साक्षात्कार, ग्रुप डिस्कशन, जॉब से संबंधित चरणों मेंआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल नेटवर्किंग एवं सोशल मीडिया, कोडिंग, डिकोडिंग, टैली, अकाउंट्स एवं कम्यूनिकेशन स्किल, करियर काउंसलर एवं जॉब कोऑर्डिनेटर से संबंधित प्रश्न पूछे। जिसमें सात विद्यार्थियों छात्रा तलविंदर कौर, भूपेंद्र सिंह, हिमांशु शर्मा, सागर सैनी, गुरदीप सिंह, खुशी शर्मा व परमप्रीत सिंह का चयन हुआ। कैंपस प्लेसमेंट में कुल 40 विद्यार्थियों ने अपना भाग्य आजमाया।

### प्राचार्य ने दी बधाई

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कॉलेज में आयोजित हुए कैंपस प्लेसमेंट पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों एवं सैल के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव बहुत उपयोगी है जो अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देगा। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि कालेज में भविष्य में भी हम इस तरह के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाते रहेंगे।

# जानकारी के लिए डिजिटल पोर्टल से जुड़ें युवा : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर युवावर्ग सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उपायुक्त प्रीति ने रविवार को अपने कार्यालय में पोर्टलों के बारे में जानकारी देते हुए युवाओं को आहवान किया है।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किए हैं। जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं। इनमें सबसे प्रमुख है माईजीओवी (माईजीओवी) जो नागरिकों को सरकार के साथ जोड़कर गुड गवर्नेंस में भागीदारी सुनिश्चित करता है। यहां लोग चर्चाओं, सर्वे, पोल, क्विज और ऑनग्राउंड गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। माईजीओवी की मजबूत सोशल मीडिया मौजूदगी भी है और यह ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व भारतीय प्लेटफार्म जैसे शेयरचैट, चिंगारी, रोपोसो पर सक्रिय हैं। माई भारत युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में योगदान का अवसर देता है। जबकि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल युवाओं को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के जरिए करियर निर्माण में मदद करता है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि यह प्लेटफार्म युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और नीति निर्माण में योगदान देने का बेहतरीन अवसर दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से इनका अधिकतम लाभ उठाने और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।



यमुनानगर। पोर्टलों का लाभ उठाने के लिएआह्वान करती उपायुक्त प्रीति।

- सरकारी योजनाओं व नीतियों की मिलेगी पूर्ण जानकारी
- नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं ये डिजिटल पोर्टल

# मेक इन इंडिया का हिस्सा बनने से आत्मनिर्भर भारत करेगा विश्व का नेतृत्व : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश भर में प्रत्येक नागरिक के मेन इन इंडिया का हिस्सा बनने से आत्मनिर्भर भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कहे। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे।

पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के आह्वान पर जगाधरी विधानसभा में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी के अंतर्गत भाजपा द्वारा जगाधरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा मंडल शहरी, भाजपा ग्रामीण मंडल, छछरौली मंडल व प्रताप नगर मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आहवान किया कि वह अपने अपने शक्ति केन्द्र व बूथ पर आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करें व उनके संकल्प पत्र को भरवाने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि युवाओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों के महत्व व आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की उभरती प्रगति तथा राष्ट्रहित में सजग एवं जागरूक उपभोक्ता बनने के संदेश को अत्यंत प्रभावशाली और रचनात्मक रूप में मजबूत किया जा रहा है।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को मेक इन इंडिया का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, आत्मनिर्भर अभियान के प्रदेश सहसंयोजक प्रीति जौहर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी, मंडल अध्यक्ष कृष्णा खदरी,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा, चेयरमैन विपुल गर्ग, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।



### नाले की पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका, लोग परेशान


**रादौर।** रादौर में रामा नर्सिंग होम के नजदीक नाले पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से लोगों को कोई हादसा होने का डर सताने लगा है। कस्बा निवासी बलदेव सिंह, सुखविंदर, शीशपाल, रामचरण, सुरेश व पालाराम आदि ने बताया कि नपा द्वारा पानी निकासी के लिए रामा नर्सिंग होम के नजदीक नाला बनाया हुआ है। नाला पर पुलिया बनाई गई है। पुलिया के ऊपर से होकर लोग अपने गंतव्य पर जाने के लिए आवागमन करते रहते हैं। मगर पिछले कुछ समय से नाला पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। आजकल मौसम में धुंध छाने लगी है। जिसकी वजह से नाला पर क्षतिग्रस्त बनी पुलिया किसी हादसे का कारण बन सकती है। खास बात यह है कि कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया के ऊपर ईंटे रखकर उसे और भी अधिक दुर्घटनाग्रस्त बना दिया है। उन्होंने बताया कि इस समस्या का समाधान करवाए जाने को लेकर कई बार स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

# ससौली को सुंदर बनाने को ग्रामीणों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली के बैनर तले ससौली के ग्रामीणों द्वारा स्वयं ही गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए दो महीने से सफाई अभियान चलाया हुआ है।

इस अभियान के तहत रविवार को ग्रामीणों ने ससौली के सार्वजनिक स्थानों, गलियों व फिरनी पर साफ सफाई की। इस दौरान ग्रामीणों कूड़ा कर्कट उठाकर गलियों व फिरनी को स्वच्छ कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रविवार सुबह ससौली के सैंकड़ो ग्रामीण रोज की तरह एडवोकेट धर्मजीत सिंह, ट्रस्ट के महासचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह, चंद्र मौली, सरबजीत, परमजीत सिंह, कुलविंद्र शर्मा, रविंद्र, बिट्टू, डोली व रमन शर्मा आदि के नेतृत्व में झाड़ू व तसले लेकर गांव की गलियों में पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की कई गलियों, पार्क, गुरुद्वारा साहिब , कम्युनिटी सेंटर, खेड़ा लंगर हाल, शमशान घाट, एससी धर्मशाला, सकूल, सार्वजनिक स्थानों व फिरनी की साफ सफाई की।



### ड्यूटी पर फैक्ट्री की सीढ़ियों से गिरा चौकीदार, मौत

**यमुनानगर।** गांव महलावाली में रात की ड्यूटी के दौरान चौकीदार की सीढ़ियों से नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक के लड़के ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार गांव महलावाली निवासी डिंपल ने सदर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता जगपाल गांव में स्थित वीरेंद्र शर्मा की फैक्ट्री में चौकीदारी का काम करता था। उसके पिता की फैक्ट्री में रात की ड्यूटी थी। 12 दिसंबर को रात आठ बजे उसका पिता ड्यूटी पर चला गया। इस दौरान फैक्ट्री में लगी सीढ़ियों पर फैक्ट्री मालिक द्वारा रेलिंग नहीं लगवाई हुई थी। जब उसका पिता सीढ़ियों पर चढ़ा तो रेलिंग न लगे होने के कारण उसका पिता नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और उसने अपने पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। उसने आरोप लगाया की फैक्ट्री मालिक वीरेंद्र शर्मा द्वारा सीढ़ियों पर रेलिंग न लगवाने के कारण यह हादसा हुआ है(

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने संत संकीर्तन कार्यक्रम का करवाया आयोजन

# जीवन को सार्थक करने का गुरुभक्ति एकमात्र मार्ग: भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को गुरु भक्ति के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु और प्रभु की महिमा का गुणगान कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि समाज का तर्क पूर्ण बुद्धि रखने वाला वर्ग अक्सर गुरु और भक्ति को पृथक पृथक मानता है।

गोस्वामी तुलसीदास नवधा भक्ति में संतों के संग को ही भक्ति का प्रथम स्वरूप बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह वास्तविकता है कि गुरु की शरण में जाकर ही भक्ति का आरंभ होता है। क्योंकि गुरू के बिना की गई भक्ति में या तो दंभ की दुर्गंध होगी अथवा इच्छापूर्ति की कामना होगी। साध्वी ने फरमाया कि दिव्य गुरु आशुतोष महाराज कहते हैं कि ब्रह्मज्ञान के बिना भक्ति निष्प्राण है। निष्प्राण तन को कितना भी सुंदर क्यों ना सजा दिया जाए। वह दुर्गन्ध युक्त ही रहेगा।





### ब्रह्मज्ञान से जागृत होता है विवेक

जब हमें गुरु के द्वारा ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त होती है। तब हम वास्तविक रूप से भक्ति के साम्राज्य में प्रवेश करते हैं। ब्रह्मज्ञान के द्वारा विवेक जागृत होता है। विवेक पूर्ण होकर जब हम अपने जीवन में आत्म समीक्षा के द्वारा गहन चिंतन करते हैं तो समझ पाते हैं कि इस संसार में कुछ भी सत्य नहीं है। तो संसार की कामनाओं के लिए भक्ति करना व्यर्थ है। आज यदि हम संसार की वस्तुओं को प्राप्त कर भी लें तो वह समय के साथ या तो दुख का कारण बन जाती है या समाप्त हो जाती हैं। एक भक्त इस बात पर भी विचार करता है कि भक्ति परमात्मा का कृपा प्रसाद है। मेरा स्वयं का पुरुषार्थ नहीं तो कदाचित भक्त में कभी अहंकार या दंभ भी नहीं आ सकता। ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना सर्वप्रथम हमारी चेतना को भौतिक स्तर से ऊपर उठाकर आत्मिक स्तर पर ले जाती है। जिससे हम प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति का वास्तविक स्वरूप देख पाते हैं। साध्वी ने फरमाया कि भक्ति रूपी विराट क्षेत्र में बिना गुरू के प्रवेश कर भी लिया जाए तो भी हमें कोई यह बताने वाला तो चाहिए कि हम सही दिशा में जा भी रहे हैं अथवा नहीं।

# शहीद निर्मलजीत सेखों की पुष्यातिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में हुए थे शहीद

जाटसभा रादौर के सदस्यों ने रविवार को जाट नगर में कार्यक्रम आयोजित कर परमवीर चक्र विजेता एवं वायु सेना के फ्लाइंग अधिकारी शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जाटसभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। सभा के प्रधान समेत अन्य सदस्यों ने सेखों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

जाटसभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि निर्मल सिंह सेखों का जन्म 17 जुलाई 1943 को लुधियाना के सेखों जाट सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम फ्लाइट लेफ्टिनेंट तरलोक सिंह सेखों था। 4 जून 1967 को उन्हें पायलट अधिकारी के रूप में भारतीय वायुसेना में सम्मिलित किया गया था। सैन्य जीवन 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान वह भारतीय वायुसेना की द फ्लाइंग बुलेट 18वीं स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर हवाई अड्डे पर पाकिस्तान वायु सेना के एफ. 86 जेट विमानों द्वारा 26वीं स्क्वाड्रन पीएएफ बेस पेशावर से हमला किया। सुरक्षा टुकड़ी की कमान संभालते हुए फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह वहां पर 18 नेट स्क्वाड्रन के साथ तैनात थे। जैसे ही हमला हुआ सेखों अपने विमान के साथ स्थिति में आ गए और तब तक फ्लाइंग लैफ्टिनेंट घुम्मन भी कमर कस कर तैयार हो चुके थे।

उन्होने बताया कि सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर चेतावनी मिली थी कि दुश्मन आक्रमण पर है। निर्मल सिंह तथा घुम्मन ने तुरंत अपने उड़ जाने का संकेत दिया। उस समय दुश्मन का पहला जेट एयर फील्ड पर गोता लगाने की तैयारी कर रहा था। एयर फील्ड से पहले घुम्मन के जहाज ने रन वे छोड़ा था। उसके बाद जैसे ही निर्मलजीत सिंह का जेट उड़ाए रन वे पर उनके ठीक पीछे एक बम आकर गिरा।

**खबर संक्षेप**



## सत्संग समागम का किया आयोजन

**थानेसर।** अमीन रोड़ 7सी स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में सत्संग समागम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सत्या भारती बताते हैं कि मनुष्य जीवन केवल कर्म करने के लिए नहीं, बल्कि कर्मों से पार जाने के लिए मिला है। क्योंकि कर्म चाहे अच्छे हों या बुरे, बांधने का काम ही करते हैं, जैसे जंजीर चाहे सोने की हो या लोहे की, बांधने का काम ही करेगी, खोलने का नहीं।

## अरुणाय शिव शक्ति पीठ में वार्षिक भंडारा आयोजित

**पिहोवा।** गांव अरुणाय धाम में स्थित शिव शक्ति पीठ में महामंडलेश्वर स्वामी हरिशचंद्रपुरी यूएसए के सानिध्य में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी हरिशचंद्र पुरी की प्रेरणा से संत महात्माओं और श्रद्धालुओं ने यज्ञ ने आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की।

### हजारों मजदूरों ने देवीलाल पार्क से मुख्यमंत्री आवास तक किया कूच

# लेबर कोड व पोर्टल बंदी के खिलाफ मजदूर संगठनों ने किया प्रदर्शन

### पुलिस बैरिकेडिंग के बावजूद दो घंटे दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते निर्माण मजदूर।




कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते निर्माण मजदूर।

संयुक्त निर्माण मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर देवीलाल पार्क कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री को ललकारने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे। शहर में प्रदर्शन करते हुए सरकार को ललकारते हुए मुख्यमंत्री हाऊस पर चले हुए रास्ते मे पुलिस ने बेरिकेट लगाकर रोकना चाहती थी फिर भी मजदूरों ने अपनी मांगों को मुख्यमंत्री के पास भेजा गया। आक्रोश प्रदर्शन की अध्यक्षता सीटू से राज्य अध्यक्ष मनोज सोनी ,इंटक के राज्य अध्यक्ष धर्मबीर लोहान, एटक से विक्रम सिंह ने की। संचालन कॉमरेड सुखबीर सिंह ने किया। मुख्यमंत्री आवास पर आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) से कॉमरेड सुखबीर सिंह, भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक) से कृष्ण नैन, भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मण्डल हरियाणा (एटक), से विनोद दड़ौली, सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, राजेश ने कहा कि यह संयुक्त निर्माण मोर्चा के आहवान पर हरियाणा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर अपने अधिकारों के लिए आए है क्योकि भाजपा सरकार 10 सालों से मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने का काम कर रही है। जिसका उदाहरण 90 दिन की अधिकार यूनियन का खत्म कर दिया ऑफलाइन को ऑनलाइन कर दिया, 5 महीने से पोर्टल बन्द कर दिया गया। 21 नवम्बर को श्रम कानूनों को खत्म करके लेबर कोड लागू कर दिया गया है जिससे मजदूर गुलाम बनाने का काम सरकार ने कर दिया है। इसलिए सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों से प्रदेश भर के निर्माण मजदूरों में भारी आक्रोश में मुख्यमंत्री को अपने हकों के लिए ललकारने आए है। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर, मेहनकश मजदूरों के हकों को लूटा जा रहा है। मजदूरों को गुलाम बनाने वाले लेबर कोड लागू कर दिए। संयुक्त निर्माण मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का भारी आक्रोश लेकर हजारों मजदूर मुख्यमन्त्री के आवास की तरफ कूच किया। रास्ते मे पुलिस ने बेरिकेट लगाकर मजदुरो को रोकने का प्रयास किया गया। मजदूरो ने दो घटे तक वही पड़ाव डाला गया।

**समाधान नही हुआ तो आंदोलन होगा तेज**

दो घटें के बाद मुख्यमंत्री की ओर से सयुक्त मोर्चो को आश्वासन दिया 15 दिसम्बर को संयुक्त मोर्चे की चंडीगढ़ में वार्ता होगी। अगर सरकार ने हमारी मांगो का समाधान नही हुआ तो आगे आंदोलन तेज किया जाएगा। 21 दिसंबर को विधायकों को ज्ञापन व 17,18 जनवरी को हिसार, भिवानी, जींद, अंबाला मंत्रियों के आवास पर पड़ाव डालेंगे। मुख्यमंत्री के आक्रोश प्रदर्शन में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) से राज्य अध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य महासचिव कॉमरेड सुखबीर सिंह, सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, इंटक के राज्य अध्यक्ष धर्मबीर लोहान, राज्य महासचिव कृष्ण नैन, विक्रम सिंह राज्य अध्यक्ष ,विक्रम विनोद दलोड़ी राज्य महासचिव भवन निर्माण श्रमिक संघ हिसार मण्डल हरियाणा (एटक), सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जिला प्रधान रामनिवास, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला प्रधान ओमप्रकाश, सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार, राजेश चौबारा, राज्य महासचिव भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन, धीरज गाबा सयोंजक राष्टीय मजदूर किसान मंच कॉमरेड राममेहर कश्मीर सिंह,नरेश भुक्कल इंटक, अजय स्वामी,आदि ने संबोधित किया।

## चार श्रम संहिताओं व सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध

**ड्यूटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**




कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन में शामिल विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के आह्वान पर अखिल भारतीय मजदूर अधिकार दिवस के अवसर पर हरियाणा में नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवास पर मासा से संबद्ध मजदूर संगठनों- जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, मनरेगा मजदूर यूनियन, मनरेगा मजदूर एकता मंच, हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन और मजदूर संघर्ष संगठन- ने मजदूर विरोधी लेबर कोड्स और सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र में आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए मजदूरों ने देवीलाल पार्क पिपली से मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवास तक विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारे लगाए और मुख्यमंत्री हरियाणा की ओर से ज्ञापन ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अजय कुमार ने ग्रहण किया। एक ज्ञापन राष्ट्रपति भारत सरकार और दूसरा प्रदेश के मजदूरों की मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सौंपा गया। प्रदर्शन से पूर्व देवीलाल पार्क, पिपली में सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जन संघर्ष मंच हरियाणा के राज्य प्रधान कॉमरेड फूल सिंह ने की, संचालन केंद्रीय कोऑर्डिनेटर टीम के सदस्य कॉमरेड सोमनाथ ने किया। सभा व प्रदर्शन को सुरेश कुमार महासचिव, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, नरेश कुमार राज्य प्रधान, मनरेगा मजदूर यूनियन, कामरेड पाल सिंह, डाक्टर सुनीता त्यागी, मंच महासचिव सुदेश कुमारी, रीना ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, प्रवेंद्र मजदूर संघर्ष संगठन ने संबोधित किया।

# मक्का उत्पादक किसानों का किया मार्गदर्शन

- फॉल आर्मीवर्म के सतत प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर के सभागार में क्रॉप लाइफ इंडिया द्वारा फॉल आर्मीवर्म के सतत प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्र के लगभग 100 मक्का उत्पादक किसानों के साथ विभिन्न कृषि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मक्का की फसल में फॉल आर्मीवर्म जैसे खतरनाक कीट से होने वाले नुकसान को कम करने हेतु वैज्ञानिक, सुरक्षित और दीर्घकालिक उपायों की जानकारी देना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि हरियाणा बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सत्येन्द्र यादव रहे, जबकि अध्यक्षता उप-निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथियों में कृषि विभाग कुरुक्षेत्र के उप-निदेशक डॉ. कर्मचन्द, कृषि वैज्ञानिक डॉ. महा सिंह, क्रॉप लाइफ इंडिया के सदस्य डॉ. सुशील पाण्डे तथा मैनेजर डॉ. सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सत्येन्द्र यादव ने कहा कि फॉल आर्मीवर्म मक्का की फसल के लिए अत्यंत घातक कीट है। इसके छोटे लार्वा पत्तियों को खुरचकर खाते हैं, जिससे पत्तियां सफेद धब्बों वाली और जालीदार दिखाई देने लगती हैं।

## ग्राम पंचायत संभालखी में 5.50 लाख की विकास योजनाओं का उद्घाटन

**शाहबाद।** शाहबाद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत संभालखी में विकास कार्यों की एक नई कड़ी की शुरूआत हुई। करीब साढ़े पांच लाख रुपये की लागत से



नवनिर्मित विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने किया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 100-100 गज के प्लाटों में पेयजल सप्लाई लाइन निर्माण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। इन प्लाटों में पेयजल सप्लाई लाइन डालने की मांग काफी समय से की जा रही थी और जिसे लेकर सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार सुभाष कलसाना से मिले थे और यह मांग रखी थी। जिस पर सुभाष कलसाना ने त्वरित आधार पर इस मांग को पूरा किया और इसका निर्माण शुरू करवाया। सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 5.50 लाख की राशि से गांव की गलियों का निर्माण, नालों की व्यवस्था तथा गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण पाइप डालकर किया गया है। इन कार्यों से गांव की स्वच्छता और आवागमन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# प्रतिभाशाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। महिलाओं को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य।

- महिलाओं के सम्मान में काली कमली मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा समय समय पर प्रतिभाशाली एवं मेहनती महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ सम्मानित किया जाता है। सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत कदम बढ़ाते हुए महिलाओं के सम्मान में काली कमली मंदिर कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व अम्बे सेवा समिति के प्रधान ओमपाल बंसल, राजेश शर्मा रहे। पवन मित्तल जी ने कहा कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जो कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक नींव के पत्थर का काम कर रहे हैं। इस तरह के प्रयासों से महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही हैं। सेवा ट्रस्ट के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन व योगेश गर्ग ने बताया कि सेवा ट्रस्ट इन सामाजिक कार्यो के अलावा अंबाला के साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बना रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

## श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव : शास्त्री

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित खेड़ी राम नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा धूमधाम से संपन्न हो गई। कथा व्यास अनिल शास्त्री ने बताया कि श्रंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप भेष बदलकर राजा परिक्षित के पास पहुंचकर उन्हें डंस लेते हैं और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है और मृत्यु हो जाती है। लेकिन श्री मद् भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय क्रोधित होकर सर्प नष्ट हेतु आहुतियां यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जनमेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। आचार्य ने कहा कि कथा के श्रवण प्रवचन करने से जन्मजन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णुलोक की प्राप्ति होती है।



## परिवार की खुशियां अपनों के साथ की जाती हैं साझा : नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पुत्री यशस्विनी जिन्दल एवं शाश्वत सोमानी के विवाह उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन आत्मीय भावनाओं का सजीव उदाहरण बना। इस अवसर पर जिन्दल परिवार की ओर से सांसद नवीन जिन्दल की माता, पूर्व मंत्री एवं हिसार की विधायक सावित्री जिन्दल, शालू जिन्दल तथा सांसद नवीन जिन्दल ने स्वयं अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और जिन्दल परिवार को शुभकामनाएं दीं। प्रीतिभोज में पहुंचे लोगों का पारंपरिक अंदाज में सत्कार किया गया। सांसद नवीन जिन्दल ने सभी मेहमानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र उनके लिए केवल एक संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका अपना परिवार है। उन्होंने कहा कि परिवार की खुशियां सभी अपनों के साथ साझा की जाती हैं और इसी भावना के साथ यह आयोजन रखा गया है। जिन्दल परिवार की ओर से सावित्री जिन्दल, सांसद नवीन जिन्दल एवं शालू जिन्दल ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनके स्नेह व शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम सौहार्द, अपनत्व और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा।

# वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना

- सरकार को लेकर देश की जनता में रोष : सुरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली रवाना हुए सुरेंद्र सैनी। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में भाग लेने के लिए कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी रविवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली रैली में जाने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच सोहन सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बलवंत सैनी, पवन सैनी, पाला राम सिंहपुरा, ओमप्रकाश हंसाला, राजकुमार सैनी, जयकरण सैनी, ज्ञान सैन, कुलदीप नंबरदार हंसाला, दीपू बाजीगर, श्याम सैनी, डोडाखेड़ी, प्रकाश कश्यप, रामकुमार सैनी, बीरा कश्यप, रोशन लाल सैन, फकीर चंद बाल्मीकि, जयभगवान बाल्मीकि, चिरंजी लाल सैन, संदीप वालिया, गुरमीत कश्यप, रिंकू डोडाखेड़ी, छोटे लाल डोडाखेड़ी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे। दिल्ली रवाना होने से पूर्व कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए की जा रही है। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने वोट चोरी करके सरकार बनाई है वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी की वोट चोरी करके बनाई गई सरकार को लेकर देश की जनता में रोष है।




कुरुक्षेत्र। व्हाइट कोट सेरेमनी में उपस्थित आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में प्रथम वर्ष के एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों को औपचारिक रूप से चिकित्सा पेशे में शामिल किया। कुल 250 स्नातक प्रथम वर्ष के मेडिकल छात्रों ने प्रतिकात्मक सफेद कोट पहना और नैतिक, करुणामय चिकित्सा अभ्यास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुई शपथ ली। इस समारोह में 500 से अधिक अभिभावकों मौजूद रहे। जिससे यह कार्यक्रम छात्रों और उनके परिवारों के लिए एक यादगार अवसर बन गया। डा. पूनम द्वारा शपथ दिलाई गई और जिसके साथ छात्रों का भविष्य के चिकित्सा पेशेवरों के रूप मे औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच. एस. गिल और आदेश वेलफेयर सोसाइटी की महासचिव कमलदीप कौर ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके शैक्षणिक तथा पेशेवर प्रयासों में सफलता की कामना की। डा. एच. एस. गिल ने चिकित्सा की कला में निपुणता के साथ-साथ विनम्रता और शिष्टता के महत्व पर जोर दिया। आदेश ग्रुप के निदेशक गुरफतेह सिंह गिल ने छात्रों को चिकित्सा अभ्यास में प्रभावी संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर मार्गदर्शन दिया।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक।

## काली कमली मंदिर में भव्य भंडारे के साथ निःशुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** अंबे सेवा समिति के प्रधान ओमपाल बंसल की अध्यक्षता में प्रसिद्ध काली कमली मंदिर परिसर में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ काली की विशेष कृपा श्री ओमपाल बंसल पर बनी रही, जिन पर माँ भगवती की असीम अनुकंपा सदैव विद्यमान है। भंडारे के साथ-साथ निःशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसे माधव क्लिनिक द्वारा श्री ओमपाल बंसल की अध्यक्षता में लगाया गया। इस मेडिकल कैंप में हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। कैंप में विभिन्न रोगों की जांच कर विशेषज्ञों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। अंबे सेवा समिति द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को नियमित रूप से माँ भगवती के चरणों में भंडारे का आयोजन किया जाता है, जो निरंतर सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। आज के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक व सामाजिक सेवा का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।

**कार्यक्रम** | गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

### तनाव को पहचानने के प्रारंभिक संकेतों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी

# सकारात्मक सोच और सही दृष्टिकोण से तनाव को किया जा सकता है कम : शुचि रहेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को दैनिक शैक्षणिक दायित्वों, कक्षा-प्रबंधन, मूल्यांकन कार्य तथा आधुनिक शिक्षण परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाले तनाव को पहचानने एवं उसे स्वस्थ तरीके से नियंत्रित करने की प्रभावी तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती शुचि रहेजा श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र) एवं डॉ. ममता ग्रोवर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, करनाल उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम चरण में श्रीमती शुचि रहेजा ने कहा कि सकारात्मक सोच और सही दृष्टिकोण से तनाव को कम किया जा सकता है। साथ ही शिक्षकों को तनाव के कारण, उसके शारीरिक एवं मानसिक प्रभाव तथा तनाव को पहचानने के प्रारंभिक संकेतों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल अध्यापन तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, उनकी विविध समस्याओं का समाधान तथा कक्षाओं में निरंतर सक्रियता बनाए रखना भी शामिल है, जिससे कई बार अनजाने में तनाव उत्पन्न हो जाता है। यदि शिक्षक तनाव को सही दिशा में प्रबंधित कर लें, तो वे न केवल अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षण कर सकते हैं, बल्कि अपने व्यक्तिगत जीवन को भी संतुलित रख सकते हैं।

**तनाव का प्रभाव स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता पर पड़ता**

कार्यशाला के द्वितीय चरण में डॉ. ममता ग्रोवर ने कहा कि तनाव का सीधा प्रभाव शिक्षक के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता पर पड़ता है। शिक्षकों को सकारात्मक सोच, ध्यान भावनात्मक संतुलन, तथा समय-प्रबंधन जैसी तकनीकों को व्यावहारिक अभ्यास में अपनाना होगा। प्रतिभागी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया और अपनी अनुभूतियाँ साझा कीं। साथ ही रोल प्ले एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से यह दर्शाया कि किस प्रकार छोटी-छोटी तकनीकें दैनिक जीवन में तनाव को कम कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री नारायण सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तनाव-मुक्त शिक्षक ही श्रेष्ठ शिक्षण का आधार बनता है। स्ट्रेस मैनेजमेंट न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, बल्कि यह शिक्षक की कार्यक्षमता, संवाद-कौशल और विद्यार्थियों के प्रति दृष्टिकोण को भी सकारात्मक बनाता है। उन्होंने विशेषज्ञ का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया एवं आचार्यों को प्रेरित किया कि वे सीखी हुई तकनीकों को अपनी दिनचर्या तथा कक्षा-प्रक्रिया में अवश्य अपनाएँ। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार पर 35 लाख का जुर्माना ठोका

**अंबाला।** कबाड़ी बाजार की पुलिया के निर्माण में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह राशि उनकी जमा करवाई हुई सिक्योरिटी से काटी जाएगी। इस संबंध में निकाय विभाग को भी लिखित तौर पर जानकारी दे दी गई है। वहीं संबंधित ठेकेदार से सदर बाजार की चौक की पुलिया का निर्माण भी नहीं करवाया जाएगा ताकि दोबारा ऐसी गलती न हो। कबाड़ी बाजार क्षेत्र में वाहनों के आवागमन के लिए पुलिया को नए सिरे से चौड़ा करने का निर्माण शुरू किया गया था। इस परियोजना पर लगभग डेढ़ करोड़ की राशि खर्च की गई लेकिन परियोजना से जुड़े ठेकेदार ने कभी श्रमिक न होने का बहाना बनाया तो कभी सामान की कमी का। इस कारण जो काम छह माह में पूरा किया जाना था, उसे डेढ़ वर्ष में पूरा किया गया।

### युवा खिलाड़ियों के लिए बैठक 17 को

**बराड़ा।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के लीगल एडवाइजर एवं प्रवक्ता एडवोकेट अरुण बिड़लान व राष्ट्रीय पहलवान जसविंदर व प्रदीप गांधी ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर 2025 को केंद्रीय मंत्री एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले की विशेष उपस्थिति में उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को पार्टी से जोड़ते हुए एक सशक्त और संगठित टीम का निर्माण करना है। इसके साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नवीन पद ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

### 26 बोतल सहित आरोपी किया काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी से शराब तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी मंगत राम निवासी ग्वाल मंडी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से 70 पव्वे अंग्रेजी शराब व 18 हाफ अंग्रेजी शराब (कुल 26 बोतल) शराब जब्त की है। सूचना के आधार पर पुलिस ने यह यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का अवैध कारोबार करता है। इसी आधार पर उसे काबू कर शराब जब्त की गई।

# पीएम मोदी की सोच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ

## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सौंटा व भून्नी गांवों में आयोजित हुए कार्यक्रमों में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि समाज में जो कमजोर व्यक्ति हैं उसकी मदद की जाए यानि अंतिम छोर में खड़े योग्य व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले। केंद्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतरा में कार्य कर रही है। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले है कोई भी व्यक्ति कभी भी आकर निसंकोच अपने कार्यो को लेकर उनसे मिल सकते है। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को गांव सौंटा व भुन्नी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने संबोधन में कही। इससे पहले राज्यसभा सांसद का यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

शर्मा ने इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेरा परिवार हैं। आपसे शिष्टाचार भेंट करने आए हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई है। सरकार का ध्येय है कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले इसके लिए धरातल पर इन्हें लागू करने का काम भी किया गया है। शर्मा ने इस अवसर पर यह भी कहा कि लोगों की जो भी समस्याएं है वह उनकी हैं। लोगों को आश्वस्त करता हूं कि जो भी समस्या या विकास कार्य उनके संज्ञान में लाए जाएंगे उन्हें वे पूरा करवाने का कार्य किया जाएगा। आपने जो ताकत दी है उस पूरी ताकत से आपके कार्यों को करवाने का काम करूंगा। गांव सौंटा में ग्रामीणों ने आवास योजना के तहत दूसरी किस्त दिलवाने बारे तथा अन्य मांगे रखी। उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को पूरा करवाने का काम किया जाएगा।

इसी प्रकार राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भुन्नी गांव में भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने इस मौके पर ठोल से भुन्नी तक सडक़ को ठीक करवाने बारे तथा जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बांध बनवाने से सम्बधिंत मांग रखी, इसके साथ-साथ कॉलोनियों के तहत जारी होने वाली दूसरी किस्त जारी करवाने बारे भी अपनी बात रखी। राज्यसभा सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस कार्य के लिए वह सम्बधिंत अधिकारियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सामाधान करवाएंगें।

सड़क से संबंधित कार्य फरवरी माह में शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्यों के लिए सांसद निधि कोष व डी-प्लान से संबंधित फंड की भी आवश्यकता पड़ी तो उससे भी इन कार्यों को करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने भून्नी गांव गुरुद्वारा साहिब का जो निर्माण किया जा रहा उसमें यथासंभव सहयोग किया जाएगा।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई है: कार्तिकेय शर्मा*



अंबाला। ग्रामीणों से मुलाकात करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा।

### कार्तिकेय शर्मा बोले, कांग्रेस वोट घट रही

*राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि आज विभिन्न गांवों के साथ-साथ शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनके माध्यम से लोगों से मिलने का मौका मिला हैं। उन्होंने अपनी बात रखी है। दिल्ली में कांग्रेस की रैली से संबंधित पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वोट घटती जा रही है। इसका कारण कांग्रेस की अपनी नीतियां हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से दिल्ली में उनसे शिष्टाचार भेंट हुई हैं, दोनों शीर्ष नेतृत्व है, उनसे मिलकर काफी प्रेरणा मिलती है, उत्साह मिलता हैं। अंबाला में घरेलू हवाई अड्डा बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले मेयर शैलजा सचदेवा ने लक्ष्मी नगर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद का पहुंचने पर अभिनंदन किया। इस मौके पर सरपंच सौंटा कुलदीप, , सरपंच भुन्नी गुरूचरण, विशाल घेल, राजकुमार गुप्ता, संजीव, बलविंद्र सिंह, मक्खन सिंह, अनूप, सुरेंद्र, बलजीत सिंह, हरविंद्र सिंह, जगत सिंह, चरण सिंह, दलजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, जस्सा सिंह, मदनमोहन घेल, संजय लाकड़ा, एडवोकेट संदीप सचदेवा, एडवोकेट नम्रता गौड़, रामरत्न गर्ग, प्रीतम गिल, सुशील गुप्ता, टोनी सुल्लर, रजनीश गुप्ता, दिनेश गौड़, मोनू चावला, मनोज गोयल, अनीता सिंगला, वीरेंद्र अग्रवाल, देवीराम के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

# राजेश तलवार का संजय सेठी पर जोरदार पलटवार

## डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार की टिप्पणी के बाद इस्तीफे की मांग

- नैतिकता के आधार पर दे इस्तीफा, स्टेट रजिस्ट्रार को भेजा लेटर, कहा डीआर के फैसले के बाद बॉडी की प्रशासनिक व फाइनेंशियल पॉवर तुरंत सस्पेंड करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला क्लब के सदस्य राजेश तलवार ने एक बार फिर क्लब के स्वयं घोषित प्रेजिडेंट संजय सेठी पर पलटवार किया है। तलवार ने कहा कि डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार की ओर प्रेजिडेंट समेत क्लब की गवर्निंग बॉडी पर की तल्ख टिप्पणी के बावजूद ये लोग अपने पदों पर बने हुए हैं। ये बेहद शर्म की बात है। इन लोगों को तो इस टिप्पणी के बाद खुद ही नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार के फैसले के बावजूद क्लब की पूरी गवर्निंग बॉडी की प्रशासनिक व फाइनेंशियल पॉवर सस्पेंड करने को लेकर अब राजेश तलवार ने क्लब के चेयरमैन एवं डीसी अजय सिंह तोमर को नई शिकायत भेजी है।

### पहले फैसला पढ़ें फिर जवाब दें

अंबाला क्लब के 20 साल से सदस्य राजेश तलवार ने क्लब के स्वयं घोषित प्रेजिडेंट संजय सेठी को मीडिया में बयान देने से पहले डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार के फैसले को पढ़ लेना चाहिए। अगर वे खुद फैसला नहीं पढ़ सकते तो किसी पढ़े लिखे व्यक्ति से उसे पढ़वाएं। तब उन्हें मालूम हो जाएगा कि डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने प्रेजिडेंट समेत पूरी गवर्निंग बॉडी के बारे में क्या कहा। उन्होंने कहा कि जब डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने पूरी गवर्निंग बॉडी को तुरंत रद्द कर पुराने बायलॉज से चुनाव करवाने की सिफारिश की स्टेट रजिस्ट्रार से कर दी तो ऐसे में क्लब की कुर्सियों पर बैठकर मनमाने फैसले लेने का तथाकथित बॉडी को कोई अधिकार नहीं है।

### मैं क्लब का लाइफटाइम सदस्य

अंबाला क्लब के सदस्य राजेश तलवार ने कहा कि वे क्लब के लाइफटाइम मेंबर हैं। हमेशा समय पर क्लब के ड्यूज क्लीयर हैं। मेरी सदस्यता खत्म करने की पॉवर तथाकथित गवर्निंग बॉडी के पास तो कतई नहीं है। क्योंकि यह बॉडी तो खुद वेंटीलेटर पर कृत्रिम सांस ले रही है। उन्होंने कहा कि वह सब जान जानते हैं कि कौन किस तरह क्लब का मेंबर बना। पर इस मुद्दे पर मैं किसी के साथ व्यक्तिगत नहीं होना चाहता। मैं तो अपने साथ हुआ अन्याय की लड़ाई लड़ रहा हूं।

### फिर से ही होगा चुनाव

सदस्य राजेश तलवार ने कहा कि अंबाला क्लब की तथाकथित गवर्निंग बॉडी को भंग करने के लिए ही उन्होंने डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार के पास याचिका दायर की थी। मैंने याचिका में इस बात का साफ जिक्र किया है कि तथाकथित बॉडी ने खुद बिना चुनाव लड़े जीत हासिल करने के लिए नए बायलॉज बनाए थे। इसी वजह उन समेत दूसरे उम्मीदवारों क नॉमिनेशन रद्द कर दिए गए जबकि लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है।

# खेल से खिलाड़ियों में आता है अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा अपने सदस्यों की सेहत, खेल भावना, आपसी भाईचारे और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को एक भव्य एवं मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे खेल के दौरान खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों को दो टीमों में विभाजित कर रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी, सधी हुई गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग का प्रदर्शन किया, जिससे मैदान पर मौजूद सभी सदस्य खेल का भरपूर आनंद लेते नजर आए।

### सुरेश गोगिया बने 'मैन ऑफ द मैच'

इस अवसर पर रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन सदस्यों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक ताजगी के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेल से टीम भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब आगे भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की गतिविधियां क्लब को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाएंगी। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते सुरेश गोगिया को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। वहीं कार्तिकेय ककड़ एवं आर्यन गर्ग ने भी अपने प्रभावशाली खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया और मैच को रोमांचक बनाए रखा। इस अवसर पर रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश गोयल तथा राज कुमार गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त रो. प्रितपाल ढिल्लों, सुभाष सिंगला, वरिंदर ठुकराल, डॉ. उमेश गर्ग, रो. उमाकांत सिंगला, डॉ. पीयूष गर्ग, अक्षय ककड़, साहिल सिंगला, गौरव अरोड़ा, मदन गर्ग, नीरज गुप्ता, अंशुल बंसल, संजीव कालड़ा, अंकुर, सिद्धार्थ और रो. अमन सिंघल ने भी आयोजन की शोभा बढ़ाई।

# बेटियों ने दिया अर्थी को कंधा, टूटी सामाजिक रूढ़ियां

- जमना इंसा की अंतिम इच्छा, चिकित्सा शोध हेतु देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव सिंहपुरा में रविवार को निकली एक अंतिम यात्रा ने शोक के बीच समाज को समानता, वैज्ञानिक सोच और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश दिया। 73 वर्षीय जमना इंसा के निधन के बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार न कर, उसे चिकित्सा विज्ञान के शोध हेतु दान कर दिया। रविवार सुबह जमना इन्सां का निधन हुआ। दोपहर को जब उनकी अंतिम यात्रा निकली तो सदियों पुरानी सामाजिक परंपराएं टूटती नजर आईं। भारतीय समाज में जहां अर्थी को कंधा देना प्रायः पुत्रों का अधिकार माना जाता है वहीं जमना देवी की बेटियों राज कौर और कमलेश ने आगे बढ़कर यह जिम्मेदारी निभाई। बेटियों द्वारा अर्थी को कंधा दिए जाने का दृश्य देख ग्रामीणों और उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं और सभी ने इस साहसिक सामाजिक बदलाव को नमन किया। इसके बाद पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भेजा गया, जहां यह देह मेडिकल छात्रों के अध्ययन और शोध में उपयोग आएगी। मौके पर मौजूद बेटे अशोक और अन्य परिजनों ने बताया कि जमना इन्सां जीवनकाल में ही देहदान का संकल्प ले चुकी थीं। वे सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहीं।



बराड़ा। मां की अर्थी को कंधा देती बेटियां

### देहदान से मानवता व चिकित्सा को संबल

परिवार के अनुसार वे डेरा सच्चा सौदा की विचारधारा से प्रेरित थीं और मानती थीं कि मृत्यु के बाद शरीर मानवता के काम आना चाहिए। ब्लॉक जिम्मेदार संजीव इन्सां और सदस्य प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक में यह देहदान का पांचवां मामला है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में मानव शवों की भारी कमी रहती है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से सामने आ रही यह जागरूकता चिकित्सा जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डेरा सच्चा सौदा की ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्य अजय इसां, संदीप , नरेश, रजत , भोला राम , सुनीता , प्रवीण , नीलम ,बबली , मदन आदि रहे।

# चार गुणा ब्याज वसूलने पर दो सूदखोरों पर केस

- महिला की शिकायतत पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्याज पर दिए रुपयों पर चार गुणा ज्यादा वसूली करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अंबाला शहर के छोटा बाजार की नीलम देवी का आरोप है कि समय-समय पर लिए गए रुपये चुकाने के बावजूद आरोपी ब्याज मांगते रहे। इसी से परेशानी होकर पति ने आत्महत्या का प्रयास किया था।

अंबाला शहर थाना पुलिस ने सिटी के छोटा बाजार निवासी नीलम देवी की शिकायत पर अश्वनी कुमार उर्फ जुगनू व रितिक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।नीलम देवी ने बताया कि पति मनोज कुमार यूपी से आकर अंबाला में चांदी की नक्काशी का काम करते हैं। सन 2018 के बाद लॉकडाउन लगने की वजह से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया था। पति को किसी ने सर्राफा बाजार के कारोबारी अश्वनी कुमार से मिलवाया, जो फाइनेंस का काम करता था।

आरोपी अश्वनी उर्फ जुगनू व उसके पुत्र से हीरा नगर में प्लॉट लेने के लिए तीन लाख 65 हजार रुपये में सौदा किया था। आरोपी से 65 हजार रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर ले लिए थे। बकाया पेमेंट के लिए पति ने छह माह का समय मांगा था। इसी बीच आरोपियों ने पति से कहा कि उन्होंने किसी और को यह प्लॉट बेच दिया है। आरोपी अश्वनी से 2 लाख 20 हजार रुपये व पड़ोस में काम करने वाले दीपक को 1 लाख 80 हजार रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर देने के लिए अपने पास बुलाया हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने मनोज से रोजाना के आधार पर रुपये लिए और ब्याज भी हर महीने वसूलते रहे।

जब पति ने हिसाब मांगा तो उसने मना कर दिया और रुपये न देने की झूठी शिकायत भी कर दी। इसे निपटाने के लिए आरोपी ने पति से एक्टिवा मांगी थी। एक्टिवा देने के बाद भी आरोपियों ने पीछा नहीं छोड़ा और उसकी दुकान से चांदी का सामान उठाकर ले जाते रहे। इन सब चीजों से तंग आकर पति मनोज ने आत्महत्या का भी प्रयास किया था। बाद में किसी तरह से रुपये चुकाए। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। जल्द ही उन्हें काबू करने की बात कही जा रही है।

# बदलती जीवनशैली व डिजिटल दबाव की वजह से युवाओं में बढ़ रहा अकेलापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

यहां की रहने वाली खुशबू ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक चुनौतियों की पहचान के लिए यूथ लोनलीनेस स्केल विकसित किया है। इस स्केल का औपचारिक विमोचन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल द्वारा किया गया। यह शोधकार्य खुशबू ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में एमए पाठ्यक्रम के दौरान पूरा किया। स्केल के विकास में सहायक प्रोफेसर डॉ. आशु धवन एवं शोध छात्रा अल्का गोस्वामी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। डॉ. आशु धवन ने बताया कि बदलती जीवनशैली, डिजिटल दबाव और सामाजिक अलगाव के कारण युवाओं में अकेलापन बढ़ रहा है। ऐसे में यह वैज्ञानिक रूप से विकसित स्केल स्कूलों, कॉलेजों और काउंसलिंग केंद्रों में युवाओं की मानसिक स्थिति की पहचान में सहायक होगा। खुशबू ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से किया गया गाइडेंस एंड काउंसलिंग का डिप्लोमा उनके शोध का मजबूत आधार बना। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को समय पर मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराना है।



# पेंशनर्स में रोष, ज्ञापन सौंपने का निर्णय

- वित्त विधेयक के पारित होने से पेंशनधारक कर्मचारियों में रोष
- 17 को शिक्षा सदन में एकत्र होकर डीसी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कुलदीप चौहान ने की। बैठक में जिला कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर राज्य कमेटी सदस्य करनैल सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मार्च 2025 में वित्त विधेयक को संसद में पारित किए जाने से देशभर के पेंशनधारक रिटायर्ड कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कारण पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग से मिलने वाले लाभों से वंचित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नवंबर के प्रथम सप्ताह में जारी पे कमीशन के टर्म्स ऑफ रेफरेंस में अंशदायी पेंशन के अलावा अन्य पेंशन पर विचार करते समय सरकार की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखने के निर्देश से पेंशनर्स के प्रति सरकार की नकारात्मक सोच स्पष्ट होती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 दिसंबर 2025 को 10:30 बजे शिक्षा सदन में एकत्र होकर दोपहर 1 बजे उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन राज्यपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। सरदार सिंह ने सरकार से अपील की कि रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया न अपनाया जाए और आठवें वेतन आयोग का लाभ सभी पेंशनर्स को समान रूप से दिया जाए। बैठक में जिला सचिव दयाल सैनी, कृष्ण चंद सागर, अशोक वर्मा, इंदर सिंह बढ़ाना, सेवा सिंह, प्रधान सिंह तथा राम कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।




बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए कर्मचारी।

# कनाडा में पीआर का झांसा देकर एजेंटों ने ठग लिए 60 लाख

- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

विदेश भेजने और कनाडा में पीआर दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 60 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित धर्मवीर सिंह निवासी गांव सालेहपुर ने पुलिस अधीक्षक अंबाला को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ साजिश रचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। धर्मवीर सिंह ने बताया कि वह खेती और अपने भाइयों के साथ मिलकर टाइल बनाने की छोटी फैक्टरी भी चलाते हैं। कुछ समय से खेती और फैक्टरी में नुकसान होने के कारण उन पर आर्थिक दबाव बढ़ गया था। इसी दौरान गांव के ही बलजिंद्र सिंह ने उन्हें डेराबस्सी क्षेत्र के कुछ एजेंटों गुरमेल सिंह, प्रिंस उर्फ देवेंद्र सिंह, संदीप व गगनदीप व एक अन्य से मिलवाया, जिन्होंने उन्हें और उनकी पत्नी को कपल वीजा पर कनाडा भेजने और वहां पीआर करवाने का झांसा दिया। वह भी उनके झांसे में आ गया। आरोप है कि गुरमेल सिंह, प्रिंस उर्फ देविंद्र सिंह, संदीप, गगनदीप और एक अन्य ने मिलकर धर्मवीर से अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस, नकद और चेक के माध्यम से 60 लाख रुपये ले लिए। पहले 15 दिन और फिर एक महीने में विदेश भेजने का भरोसा दिया गया, लेकिन तय समय पर न तो वीजा लगा और न विदेश भेजा गया।

## सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 40वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित हुए रंगारंग कार्यक्रम

# राजस्थानी लोकनृत्य के जरिए छात्रों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव उगाला के प्रतिष्ठित सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 40वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम स्पेक्ट्रम—चार दशक उत्कृष्टता के रही, जिसके माध्यम से विद्यालय की 40 वर्षों की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक उपलब्धियों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।

समारोह के अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी रोशनियों, आकर्षक सजावट और विद्यार्थियों की रचनात्मक कलाकृतियों से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. गुंतास सिंह गिल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर डॉ. रघुबीर सिंह घुम्मन (गेस्ट ऑफ ऑनर), डॉ. सोहराभ, भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान नवनीत कौर तथा डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी जंग बहादुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक समारोह में शामिल हुए। स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि चालीस वर्षों की यह यात्रा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और मूल्यों की सशक्त विरासत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों और पूर्व छात्रों के योगदान पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों, पंजाबी लोकगीतों, देश के वीर सैनिकों को समर्पित नाटक, गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा रचित ज़फरनामा के प्रभावशाली मंचन, कठपुतली नृत्य, राजस्थानी लोकनृत्य एवं हास्य नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।






### शिक्षा से समाज निर्माण का संदेश

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य सरदार सेवा सिंह को समर्पित प्रस्तुति "मधुबन खुशबू देता है" तथा विद्यालय के 40 वर्षों के इतिहास पर आधारित वीडियो रही। मुख्य अतिथि डॉ. गुंतास सिंह गिल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं बल्कि सोच और समाज को समझने की प्रक्रिया है। उन्होंने सुखपाल विद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।